(ग) वर्ष 1964 में हिन्दी सलाहकार समिति के गठन के बाद से 28 बैठकें आयोजित की गई हैं । वर्षवार आयोजित बैठकों की स्थिति इस प्रकार है :

1967—2
1968—2
1969—3
1970—3
1972—1
1973—2
1974—3
1975—2
1978—1
1979—2
1981—1
1982—2
1985—1
1986—3

(घ) जी नहीं, श्रीमन्, गृह मंत्रालय और राजभाषा विभाग द्वारा इस संबंध में निष्ठापूर्वक प्रयास किये जा रहे हैं ।

हिन्दी का वार्षिक प्रगामी कार्यक्रम

48. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 1986-87 के वर्ष के लिए राजभाषा विभाग का वार्षिक प्रगामी हिन्दी कार्यक्रम, जो 31 मार्च, 1986 तक भेजा जाना था, सभी संस्थानों और मंत्रालयों को समय पर नहीं भेजा गया ;

(ख) क्या यह भी सच है कि केन्द्रीय सरकार के 61 मंत्रालयों/विभागों में केवल 36 हिन्दी सलाहकार समितियां बनायी गई हैं और उनकी दो से भी कम बैठकें हुई हैं जबकि मंत्रालयों में एक वर्ष में कम से कम चार बैठकें कराया जाना आवश्यक है ; और

(ग) क्या यह सच है कि स्वयं मंत्रालय, जिसके प्रभाराधीन राजभाषा विभाग कार्य कर रहा है, राजभाषा अधिनियम का पालन नहीं करता है, और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज मंत्री (श्री चिन्तामणि पाणिग्रही) : (क) संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वियन के लिए बनाया गया वार्षिक कार्यक्रम 1986-87, 1 अप्रैल, 86 से लागू है । छपाई की कुछ व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण इसे उस तारीख तक छपवाया नहीं जा सका । छपी हुई प्रतियां हमें जून, 1986 के दूसरे सप्ताह में मिलीं और उसके बाद तुरन्त सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों को इन्हें वितरित करने का काम हाथ में ले लिया गया ।

(ख) केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के लिए चौंतीस (34) हिन्दी सलाहकार समितियों का गठन किया गया है । इनके गठन/पुनर्गठन की तिथियां और 1986 से अब तक हुई इनकी बैठकों की संख्या संलग्न विवरण में दी गई हैं **(नीचे देखिये)** । निर्देशों के अनुसार इनकी बैठकें तीन महीने में एक बार होनी चाहिए ।

(ग) जी नहीं ।

विवरण

विभिन्न हिंदी सलाहकार समितियों के गठन और उनकी बैठकों के बारे में सूचना

क्रम सं०	समिति	गठन/ पुनर्गठन की तिथि	बैठकों की संख्या	
			1986	1987 (फरवरी तक)
1	2	3	4	5
1	अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत विभाग (ऊर्जा मंत्रालय)	30-9-86	—	1
2	इस्पात और खान मंत्रालय	18-11-85	2	1
3	इलक्ट्रानिकी, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग (संयुक्त समिति)	16-7-85	1	1
4	उद्योग मंत्रालय	6-11-85	2	—
5	कल्याण मंत्रालय	28-8-86	—	1
6	कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय	5-11-85	1	—
7	कृषि मंत्रालय	9-1-86	2	1
8	कोयला विभाग (ऊर्जा मंत्रालय)	23-4-86	2	—
9	खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय	13-9-85	2	—
10	गृह मंत्रालय	26-7-85	3	—
11	जल-भूतल परिवहन मंत्रालय	18-3-86	1	1
12	जल संसाधन मंत्रालय	29-6-86	—	1
13	नागर विमानन मंत्रालय	19-5-86	1	—
14	पर्यटन मंत्रालय	13-10-86	1	—
15	पर्यावरण और वन मंत्रालय	14-2-86	1	1
16	पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय	10-9-85	2	1
17	मानव संसाधन विकास मंत्रालय	21-4-86	—	1
18	योजना आयोग	25-8-84	4	—
19	रक्षा मंत्रालय	2-2-84	2	1
20	रेल मंत्रालय	16-1-87	3	1
21	वस्त्र मंत्रालय	28-4-86	2	—
22	वाणिज्य मंत्रालय	22-7-85	—	—
23	विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय	31-7-85	1	1
24	वित्त मंत्रालय (राजस्व और व्यय विभाग)	20-11-85	1	1
25	वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग)	30-3-85	1	1
26	विदेश मंत्रालय	9-1-86	3	—
27	विद्युत विभाग (ऊर्जा मंत्रालय)	31-7-86	—	1
28	विधि और न्याय मंत्रालय	29-7-85	5	1
29	शहरी विकास मंत्रालय	11-7-85	2	—
30	श्रम मंत्रालय	3-7-85	2	—
31	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	9-9-85	3	1
32	संचार मंत्रालय	22-11-85	3	—
33	संसदीय कार्य मंत्रालय	4-9-85	3	—
34	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय	17-7-85	2	1